प्रेस नोट सराहनीय कार्य
थाना उझानी दिनांक 15.06.2021

थाना उझानी पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या करने के जुर्म मे नामजद 01 अभियुक्त गिरफ्तार किये जाने के सम्बन्ध में ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर बदायूं के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी उझानी बदायूं के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.06.2021 को उ0नि0 सुशील पंवार व हमराही पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 274/21 धारा 304/201 भादवि मे नामजद अभियुक्त धर्मसिंह पुत्र रोहनलाल नि0 ग्राम भवानीपुर मजरा हजरतगंज थाना उझानी जनपद बदायूं को बरीवाईपास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त धर्मसिंह द्वारा बताया गया कि आवारा पशु मेरे खेत में मक्का को काफी नुकशान पहुंचा रहे थे । आवारा पशुओं को रोकने के लिए खेत के चारों तरफ बिजली के तार लगा दिये थे तथा रात्रि में तारों में बिजली का करन्ट छोड़ दिया करता था । दिनांक 30.05.2021 को रोजाना की तरह बिजली का करन्ट छोड़कर घर आ गया था जब अगले दिन सुबह बिजली का करन्ट हटाने के लिए खेत पर गया तो वीरेन्द्र उर्फ ओमवीर करन्ट लगने से मृत पड़ा मिला तथा अपने पुत्र की मदद से वीरेन्द्र उर्फ ओमवीर के शव को पास में श्रीपाल के खेत में छुपा दिया तथा बिजली के तार खेत से हटा दिये थे ।

दिनांक 11.06.2021 को थाना उझानी पर वादी मुकदमा श्री उमेश कुमार पुत्र श्री पोथीराम निवसी ग्राम भवानीपुर मजरा हजरतगंज थाना उझानी जनपद बदायूं की तहरीर के आधार पर थाना उझानी पर मु0अ0सं0 274/21 धारा 304/201 भादवि बनाम 1. धर्मसिंह पुत्र रोहनलाल, 2. गजेन्द्र सिंह, 3. प्रभाकर उर्फ टीटू पुत्रगण धर्मसिंह नि0गण ग्राम भवानीपुर मजरा हजरतगंज थाना उझानी जनपद बदायूं पंजीकृत किया गया था । मृतक वीरेन्द्र उर्फ ओमवीर दिनांक 30.05.2021 को शाम के समय घर से घूमने निकला था जो वापस नहीं आया था । काफी तलाश करने पर नहीं मिला तो दिनांक 08.06.2021 को वीरेन्द्र उर्फ ओमवीर के पिता श्री पोथीराम ने थाना पर गुमशुदगी दर्ज करायी थी । दिनांक 11.06.2021 को श्रीपाल के खेत में वीरेन्द्र उर्फ ओमवीर का शव कंकाल सड़ा गला मिला था जिसका स्थानीय पुलिस द्वारा पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया था । आज थाना उझानी पुलिस द्वारा अभियुक्त धर्मसिंह उपरोक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता -

1. धर्मसिंह पुत्र रोहनलाल निवासी ग्राम भवानीपुर मजरा हजरतगंज थाना उझानी जनपद बदायूँ

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- 1. उ0नि सुशील पंवार , 2. कां0 1710 अंकुर चौधरी, 3. हे0कां0 406 रमेशचन्द्र मीना तथा कां0 570 मनवीर सिंह थाना उझानी जनपद बदायूं ।

सोशल मीडिया सेल
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद बदायूं ।